प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 29.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए देश की शिक्षा प्रणाली का आधुनिकीकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र देश के हर छात्र की पहुंच में विश्वस्तरीय ज्ञान ला रहा है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित युग्म कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश में बदलाव ला रही है।

......

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के नवाचार क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों को इस आयोजन से बल मिलेगा। इस युग्म सम्मेलन का उद्देश्य देश के नवाचार तंत्र में बड़े पैमाने पर निजी निवेश को बढ़ावा देना हैं। इसके साथ ही शिक्षा उद्योग सरकार के बीच साझेदारी को मजबूत करना और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नवाचार को गति प्रदान करना है।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय विद्युत, आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर ऊर्जा विभाग और नगरीय विकास विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने राज्य में बिजली तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परशुराम जयंती के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट् में श्री मोदी ने आशा व्यक्त की, कि शस्त्र कौशल और धार्मिक ग्रंथों के ज्ञाता भगवान परशुराम का आशीर्वाद सबके जीवन को उत्साह और शक्ति से भरपूर करे। परशुराम जयंती पर प्रदेश में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। दौसा और बाडमेर में आज शोभायात्रा निकाली गई। भरतपुर के बयाना में रक्तदान शिविर लगाया गया। डूंगरपुर में महाआरती और महाप्रसाद के कार्यक्रम हुए। कोटपूतली–बहरोड़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। पाली के परशुराम महादेव गुफा मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान हो रहे है।

00000

बीकानेर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। कल स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जूनागढ़ परिसर में हरख बीकाणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीकानेर की भाजपा विधायक सिद्धि कुमारी और विधायक जेठानंद व्यास ने शिरकत की। इसके अलावा स्थापना दिवस के मद्देनजर शहर में दुर्लभ और विंटेज रेडियो सेट्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

00000

सीकर के खाटूश्याम मंदिर के पट कल रात से एक मई को शाम पांच बजे तक बंद रहेंगे। श्याम मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष ने बताया कि एक मई को तिलक श्रृंगार कर विशेष पूजा की जायेगी। इसकी तैयारियों के मद्देनजर ये पट बंद किये जा रहे है।

00000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कल सार्वजनिक निर्माण विभाग बारां के अधिशासी अभियंता को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी टीम कोटा को परिवादी से शिकायत मिली थी। शिकायत के अनुसार सड़क चौडाईकरण और पुलिया निर्माण के काम के पेंण्डिग बिलों को पास करने की एवज में रिश्वत की मांग की जा रही थी। इसके बाद एसीबी की टीम ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए अधिशाषी अभियंता को गिरफ्तार किया।

00000

राज्य मानवाधिकार आयोग ने जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आईपीएल मैच के टिकटों की कालाबाजारी को लेकर स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया है। इसके साथ ही आयोग ने मामले में पुलिस कमिश्नर से 30 अप्रैल तक तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी ने यह आदेश इस संबंध में प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट पर प्रसंज्ञान लेते हुए दिए।

0000